वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :2 अंक : 200 | मंगलवार 15 नवम्बर 2022 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## जयपुर में नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की कोशिश

### 7452 बच्चों को मिला चाइल्ड सेफगार्डिंग लेसन, बेड टच, गुड टच की मिली जानकारी

जयपुर. कासं

बाल दिवस के मौके पर सीआईआई और यंग इंडियंस (वाई आई) जयपुर चैप्टर की और से नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड रचने का अटेम्प्ट किया। गिनीज रिकॉर्ड को रिकॉर्ड का वीडियो भेजा जाएगा। शिप्रा पथ स्थित नीरजा मोदी स्कूल में सोमवार को चाइल्ड सेफगार्डिंग लेसन का आयोजन किया गया, इसमें शहर भर से कई स्कूल्स के बच्चों ने हिस्सा लिया। यहां एक्सपर्ट्स ने बच्चों को गुड टच, बेड टच की जानकारी दी। इस पहल में 6 से 16 साल के स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के सचिव डॉ. समित शर्मा मौजूद रहे, उन्होंने भी बच्चों और उनके पेरेंट्स को चाइल्ड सेफगार्डिंग और पॉक्सो एक्ट बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा की, पेरेंट्स अपने बच्चों को नियमित गुड टच और बेड टच को लेकर अवेयर करते रहे, उनके दोस्त बनकर बात करें और बुरे लोगों से बचने के उपाय बताते रहे। साथ ही इस कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री



बीडी कल्ला भी पहुंचे। **वाईआई प्रोजेक्ट मासूम:** सी आई आई का ही यंग इंडियंस एक अंग है और यंग इंडियंस की और से अवेयरनेस सेशन, ट्रेनिंग प्रोग्राम और एडवोकेसी इनिशिएटिव के माध्यम से देश में बाल यौन शौषण की रोकथाम के लिए काम कर रहा है। वाई आई प्रोजेक्ट मासूम भी इसी का हिस्सा है। सोमवार को हुए इस कार्यक्रम में विभिन्न स्कूल्स के 7452 बच्चों ने हिस्सा लिया। इससे पहले गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में चेन्नई की हिंदुस्तान इंटरनेशनल स्कूल ने 4002 बच्चों के साथ यह रिकॉर्ड बनाया था। प्रोजेक्ट मासूम के चेयर पर्सन श्रेयांश कासलीवाल ने कहा- छोटे बच्चों को गुड टच बैड टच की जानकारी देना आज के समय में बहुत जरूरी कदम है, ऐसे में हमने एक रिकॉर्ड बनाने का प्रयास करते हुए यह इवेंट आयोजित किया है। इसमें शहर भर से प्राइवेट और सरकारी स्कूलों के बच्चों को चाइल्ड सेफगार्डिंग की जानकारी के साथ एक्सपर्ट ने पोक्सो एक्ट के बारे में भी नॉलेज शेयर की है। यंग इंडियंस के जयपुर चैप्टर के को चेयर राहुल सिंघी ने कहा कि गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड अटैंप में जयपुर से 7452 बच्चों ने हिस्सा लिया, बच्चों को विडियोज के जरिए भी इसकी जानकारी दी गई।

#### यह लोग भी रहे मौजूद

कार्यक्रम में सीआईआई राजस्थान और मान स्ट्रक्चरल प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक गौरव रुंगटा, यंग इंडियंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष रौनक गोयल, पूर्णिमा ग्रुप ऑफ कॉलेज के निदेशक राहुल सिंघी, कमल ऑटो फाइनेंस लिमिटेड के निदेशक श्रेयांश कासलीवाल, प्रतीक मिनरल्स के प्रोपराइटर प्रतीक अग्रवाल, सीआईआई राजस्थान के वाइस चेयरमैन अभिनव बांठिया, कविता कोहली, अनुज अग्रवाल, नितिन गुप्ता, नीरजा मोदी स्कूल के फाउंडर चेयरमैन सौरभ मोदी सहित कई लोग मौजूद थे।

## लिट फेस्ट अभिव्यक्ति सीजन 2 का समापन

### बॉलीवुड एक्टर कुमुद मिश्रा ने शक्कर के पांच दाने नाटक की दी प्रस्तुति

**जयपुर. कासं।** जवाहर कला केन्द्र का रंगायन सभागार बॉलीवुड एक्टर कुमुद मिश्रा की दमदार अभिनय का गवाह बना। आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन (आवा) की ओर से आयोजित लिटरेरी फेस्टिवल अभिव्यक्ति सीजन 2 के समापन पर नाटक शक्कर के पांच दाने का मंचन किया गया। सोमवार को फेस्टिवल का आखिरी दिन था। इस मौके पर कई सत्र आयोजित हुए। स्कूल व कॉलेज के स्टूडेंट्स ने राजस्थानी लोक नृत्यों को पेश किया। कार्यक्रम में मुंबई के कुमुद मिश्रा अभिनीत एवं मानव कौल लिखित व निर्देशित नाटक 'शक्कर के पांच दाने' का मंचन हुआ। मानव कौल ने इसे एकपात्री रूप से तैयार किया और जिसे कुमुद ने अपने अनुभव के साथ शानदार तरीके प्रस्तुत किया। मंचित नाटक में कुमुद मिश्रा के सहज अभिनय ने नाटक के नायक राजकुमार के जीवन में मां से जुड़ी मीठी-कड़वी मार्मिक यादें, पुंडलिक मामा की कविताएं और उन्हें भांजे के नाम पर प्रकाशक को सौंपा जाना, कविता-संग्रह छपने के लिए सिर्फ एक कविता का कम पड़ना और प्रकाशक द्वारा राजकुमार से एक कविता की मांग करना उसे किस तरह संकट में डाल देता है-इसका रोचक और सूक्ष्म प्रत्यक्षीकरण कुमुद मिश्रा ने कराया।

## सर्दी तेज होने की संभावना, 5 डिग्री सेल्सियस तक चढ़ा पारा

**जयपुर. कासं।** वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव होने के बाद इसका प्रभाव राजस्थान में देखने को मिल रहा है। राज्य में बीकानेर संभाग के जिलों में अलसुबह से आसमान में बादल छाने के साथ हवाएं चल रही थी। गंगानगर में अलसुबह कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी भी हुई। मौसम विशेषज्ञों की मुताबिक इस सिस्टम का असर मंगलवार को उत्तरी राजस्थान में रहेगा। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आज अलसुबह गंगानगर, हनुमानगढ़ और बीकानेर के बॉर्डर एरिया में आसमान में बादल छाने के साथ हल्की हवाएं चल रही है। गंगानगर में कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी भी हुई। मौसम के इस बदलाव के बाद गंगानगर में रात का तापमान भी एक डिग्री सेल्सियस बढ़कर 14.8 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। शर्मा ने बताया कि इस सिस्टम का असर कल खत्म होने के बाद तापमान में करीब 4 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हो सकती है, जिससे सर्दी और तेज होगी। इस सिस्टम के असर से सीकर के फतेहपुर और हनुमानगढ़ जिलें रात के तापमान में 5 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हुई। फतेहपुर में बीती रात तापमान करीब 4 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 13 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जिससे लोगों को सर्दी से राहत मिली। एक दिन पहले फतेहपुर में न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस था। इसी तरह हनुमानगढ़ में कल रात का न्यूनतम तापमान 11.5 डिग्री सेल्सियस था, जो बढ़कर 17 पर पहुंच गया।

## जयपुर में तापमान गिरने से बढ़ी सर्दी



भले ही उत्तरी राजस्थान में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस से तापमान बढ़ रहा हो, लेकिन जयपुर समेत दूसरे शहरों में तापमान में आज गिरावट हुई। जयपुर में तापमान एक डिग्री सेल्सियस गिरकर आज 14.5 पर पहुंच गया। वहीं सुबह-शाम हल्की गलन भरी सर्दी भी बढ़ गई। मौसम विशेषज्ञों ने बताया कि जैसे उत्तर भारत से वेस्टर्न डिस्टर्बेंस जाएगा वैसे ही एक बार फिर तापमान में और गिरावट होगी। प्रदेश के दूसरे शहरों की स्थिति देखे तो आज भीलवाड़ा, अलवर, कोटा, बूंदी, उदयपुर, चित्तौड़गढ़ समेत 16 शहरों में बीती रात न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से कम रिकॉर्ड हुआ।

### 16 नवंबर से और गिरेगा तापमान

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक हिमाचल, जम्मू और लद्दाख एरिया में इस सिस्टम का असर ज्यादा देखने को मिलेगा। स्कायमेट वैदर के विशेषज्ञों के मुताबिक इस सिस्टम के असर से हिमाचल, जम्मू और लद्दाख में कहीं-कहीं स्नोफॉल (बर्फबारी) आज और कल होगी। ये सिस्टम 15 नवंबर को पास आउट हो जाएगा और 16 नवंबर से एक बार फिर नॉर्दन (उत्तरी हवाएं) मैदानी इलाकों में आने लगेगी, जिससे राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में तापमान और ज्यादा गिरने लगेगा और सर्दी का असर बढ़ेगा।

# अग्रवाल डायमंड के चैयरमेन ओम जैन सर्राफ एवं माधुरी जैन सर्राफ को मिला गोवा में विश्वसनीय ज्वेलर्स अवार्ड




## गोवा की डायमंड प्रदर्शनी से निर्माताओं व ग्राहकों के बीच विश्वसनीयता का आदान-प्रदान हुआ: विनय तेंदुलकर

**कोटा. शाबाश इंडिया**

ज्वेलर्स एसोसिएशन कोटा के महासचिव, अखिल भारतीय अग्रवाल जिला सम्मेलन के संरक्षक समाजसेवी ओम जैन सर्राफ एवं माधुरी जैन सर्राफ ने गोवा से राज्यसभा सांसद विनय तेंदुलकर एवं गोवा प्रदेश बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सदानंद तनावडे से मुलाकात की और उन्हें तीन दिवसीय, रियल डायमंड ज्वैलरी शो मे आने का निवेदन किया। गोवा में रियल डायमंड आभूषणों की आई जी आई द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर के, तीन दिवसीय, रियल डायमंड ज्वैलरी शो मे भाजपा के राज्यसभा सांसद विनय तेंदुलकर ने ज्वेलरी शो का अवलोकन किया और वास्तविक हीरों की ज्वेलरी के बारे में विस्तार से जाना और समझा । इस अवसर पर उनके साथ समाजसेवी ओम जैन सर्राफ और उनकी धर्मपत्नी माधुरी जैन सर्राफ एवं आई जी आई के इंडिया के प्रबंध निदेशक तहमास्प प्रिंटर एवं आईजीआई के असिस्टेंट जनरल मैनेजर मार्केटिंग अनिकेत भी मौजूद रहे। आई जी आई की भारत की चीफ जनरल मैनेजर मैडम लता मंगनानी ने भी सभी उपस्थित महानुभावो का स्वागत करते हुए पधारने के लिए आभार व्यक्त किया। संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद विनय तेंदुलकर ने बताया कि आई जी आई कंपनी का रियल डायमंड ज्वेलरी में बहुत नाम है, और इस तरह के आयोजन से देश भर मे सकारात्मक संदेशों द्वारा ग्राहकों व आभूषण निर्माताओ का विश्वास आपस मे स्थापित होता है।गोवा में ज्वेलरी शो के दौरान अग्रवाल डायमंड के चैयरमेन ओम जैन सर्राफ एवं माधुरी जैन सर्राफ को गोवा में डायमण्ड ज्वैलरी व्यापार को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए ज्वेलरी शो सम्मानित एवं विश्वसनीय ज्वेलर्स अवार्ड से नवाजा गया ।

# बाल दिवस पर वूमेन पावर सोसायटी द्वारा बाल गोपाल प्रतियोगिता का आयोजन




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** बाल दिवस पर वूमेन पावर सोसायटी ने राजधानी जयपुर के प्रताप नगर स्थित 'नंद घर'' राजकीय महात्मा गांधी स्कूल में बाल गोपाल प्रतियोगिता का आयोजन किया।प्रतियोगिता में छह से सात कैटेगरी में कम्पीटिशन हुए, जिसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल करने वाले विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार व वूमेन पावर सोसायटी का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रदेश संयोजक संतोष कुमार, जिला अध्यक्ष जयपुर (पश्चिमी) पुष्पा वर्मा, जिला महासचिव योगिता मीरवाल, कार्यकारी सदस्या मधु शर्मा, मानसी मीरवाल, मीनाक्षी पारीक एवं सभी 'नदंघर' के कार्य करता उपस्थित रहे। बता दें कि वूमेन पावर सोसायटी सामाजिक सरोकार से जुड़ी संस्था है, जो महिला, बाल संरक्षण, दिव्यांग और निराश्रितों की भलाई के लिए कार्य करती है।



जयपुर. शाबाश इंडिया। आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर बख्शीजी में आचार्य सुनील सागरजी एवम आचार्य शशांक सागर जी महाराज ससंघ दर्शनार्थ मंगल प्रवेश एवम हुआ तत्पश्चात शांतिधारा की गई। सुनील बक्शी ने बताया कि आचार्य श्री सुनील सागर जी प्रतिदिन परकोटे के अंदर स्थित जैन मंदिरो के दर्शन कर रहे हैं।

# एंबीशन किड्स में चिल्ड्रंस डे सेलिब्रेशन विथ भेलपुरी पार्टी



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

बच्चे बगीचे में कलियों की तरह है और प्यार से उनका पालन पोषण किया जाना चाहिए , क्योंकि वही देश का भविष्य और कल के नागरिक हैं। चाचा नेहरू के इसी कथन को सार्थक करते हुए श्योपुर रोड सांगानेर स्थित एंबीशन किड्स एकेडमी विद्यालय में चिल्ड्रंस डे सेलिब्रेट किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए प्राचार्य डॉ. अलका जैन ने बच्चों को चिल्ड्रंस डे का महत्व समझाया और बताया कि हम यह दिन क्यों मनाते हैं तथा उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन और शिक्षा का महत्व भी समझाया। उन्होने बतलाया कि बच्चे देश के सच्चे मांझी हैं जिनके ज्ञान, कौशल और विकास से भारत का भविष्य बेहतर बनेगा। आइए हम सभी बच्चों को अच्छी शिक्षा, अच्छे संस्कार और उत्तम स्वास्थ्य के माध्यम से समुचित अवसर प्रदान कर सभ्य समाज बनाने का प्रण करें। इसके पश्चात प्री प्राइमरी कक्षा के विद्यार्थियों हेतु मूवी सेशन का आयोजन किया गया जिसमें टोम एण्ड जैरी, अकबर बीरबल की शिक्षा प्रद कहानियाँ आदि चलचित्र प्रस्तुत किए। तदुपश्चात प्राइमरी कक्षा के विद्यार्थियों ने एक्टीविटी सैशन में कोर्डिनेटर भूमि मेडम संग यह सीखा कि भेलपुरी किस प्रकार से बनाई जाती है। इस अवसर पर सह प्राचार्या अनीता जैन ने सभी सदस्यों का कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया तथा सभी की तरफ से सब नौनिहालों को बाल दिवस की हार्दिक बधाई एवं उज्जवल भविष्य हेतु हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की ।

# संगिनी मेट्रो की सदस्याओं ने केक काटकर बच्चों के साथ मनाया बाल दिवस

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

मानव एवं समाज सेवा के क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं की संस्था संगिनी फोरम जेएसजी मेट्रो जयपुर की सदस्याओं ने आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के साथ बाल दिवस मनाया। इस मौके पर कई कार्यक्रम किए गए। संगिनी मेट्रो की संस्थापक अध्यक्ष दीपिका जैन 'कोटखावदा' एवं अध्यक्ष मैना गंगवाल ने बताया कि इस मौके पर बच्चों को दुर्गापार्क लेकर गए। पार्क में बच्चों के लिए नृत्य एवं खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। बच्चों ने उत्साह पूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया। सभी बच्चों के साथ केक काटा गया। बच्चों को गुब्बारे,फल, कॉपी ,पेंसिल ,कलर , खिलौने आदि पुरस्कार में दिए गए। कार्यक्रम संयोजिका वर्षा जैन ने संचालन किया। इस मौके पर कोषाध्यक्ष रेखा पाटनी , संयुक्त सचिव लीनू अजमेरा सहित प्रीति, मोना जैन आदि सदस्याओं की सहभागिता रही।



## महात्मा गांधी (अंग्रेजी माध्यम) विद्यालय देराठू बाल दिवस पर बाल मेला लगाया गया





**रोहित जैन. शाबाश इंडिया।**

नसीराबाद। नसीराबाद के निकटवर्ती ग्राम देरांठू के महात्मा गांधी (अंग्रेजी माध्यम) राजकीय विद्यालय मे सोमवार को भारतवर्ष के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्म दिवस बाल दिवस के रूप में मनाया गया । इस अवसर पर बाल मेले का आयोजन करने के साथ निर्वाचन विभाग राजस्थान द्वारा निर्देशित संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान जनवरी 2023 को सफल बनाने के लिए एछठ कार्यक्रम की विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई । बाल मेले में विभिन्न प्रकार की स्टाल लगाई गई जिसमें अग्नि सदन - फ्रुट चाट, बिंदी गेम, आकाश हाउस- सैंडविच और मामा की दुकान, जल हाउस- पानीपुरी कोइन गेम, पृथ्वी हाउस -भेलपुरी, रिक्वेस्ट स्टॉल, वायु हाउस -पोहा, बाल थ्रो गेम आदि रखे गए । इस अवसर पर पंडित जवाहरलाल नेहरू द्वारा भारतवर्ष के लिए किए गए कार्यों और उनके योगदान के बारे में छात्र छात्राओं को प्रधानाचार्य अनिल गोयल ने जानकारी देकर उनके जीवन पर प्रकाश डाला। बाल मेले का उद्घाटन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती संगीता तिवारी ने किया। बाल मेले मे ग्राम के प्रबुद्ध जन और अभिभावकों के साथ छात्र छात्राऐ व प्रधानाचार्य अनिल गोयल, वरिष्ठ अध्यापक अनिल कुमार जैन, सुल्तान खोकर, केशर सिंह , पवन कुमार, श्रीमती प्रार्थना अग्रवाल, श्रीमती उर्वशी तंवर, श्रीमती आइरिस मैसी, श्रीमती गायत्री सोनी, श्रीमती चेतना शर्मा, सुरेंद्र कुमार तोसावडा, सुश्री कमला कुमारी शर्मा, दुर्गा प्रसाद मीणा, आशीष दाधीच, श्रीमती ममता चौधरी , मनोज कुमार जैन, राम सिंह सहित समस्त स्टाफ सदस्य व ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## ज्ञान और संस्कार जीवन रूपी नदी के दो तट हैं : आर्यिका विरत मती माताजी

### राघोगढ़ में जैन पाठशाला में पढ़ने वाले बच्चों के पिताओं का सम्मान हुआ



**राघौगढ़. शाबाश इंडिया।** विशेष प्रवचन सभा के अवसर पर आचार्य विद्यासागर भवन में मंगल प्रवचन करते हुए जैन आचार्य विद्यासागर जी महाराज की पटु शिष्या आर्यिका विरत मती माताजी ने मंगल प्रवचन करते हुए कहा जिस प्रकार नदी के दोनों तट न हों तो नदी लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाएगी और उसका जल रास्ते में ही इधर-उधर बिखर जाएगा। इसी प्रकार जीवन रूपी नदी के दो तट ज्ञान एवं संस्कार हैं। वर्तमान में माता-पिता अपने बच्चों की पढ़ाई की ओर ही ध्यान दे रहे हैं। जबकि पढ़ाई के साथ साथ संस्कारों की ओर भी ध्यान देना आवश्यक है। माताएं जिस प्रकार प्रति दिन अपने बच्चों का स्कूल का होमवर्क कराती हैं उसी प्रकार माता-पिता यह भी ध्यान रखें यह हमारे बच्चे नियमित रूप से जैन पाठशाला एवं वहाँ क्या सीख रहे हैं। माता-पिता को बच्चों से पाठशाला से वापस आकर भी पूछना चाहिए कि आज क्या सीख कर आए हो। आपने कहा कॉन्वेंट स्कूलों में शिक्षक पालक बैठक आयोजित की जाती है उस बैठक में बालक की शिक्षा से संबंधित बातें कही जाती हैं।अपने माता-पिता को आह्वान किया कि आप स्कूल में इस तरह की बैठक में जाएं तो वहां यह मुद्दा भी उठाएं की हमारे बच्चों ने साधु संतों के आशीर्वाद से फास्ट फूड एवं अभक्ष्य का जीवनभर त्याग कर दिया है। स्कूल में उन्हें नाश्ते के रूप में सूखे मावा एवं फल दिए जाएं ताकि हमारे बच्चों ने जो प्रतिज्ञा ली है उसका पालन हो सके। रविवारीय विशेष प्रवचन सभा में आज राघौगढ़ नगर में संचालित आचार्य विद्यासागर दिगंबर जैन पाठशाला के बच्चों के पिताओं का सम्मान आर्यिका संघ के पावन सानिध्य में पाठशाला परिवार के सौजन्य से किया गया। बच्चों के पिताओं को पुरस्कार विजय कुमार जैन, संतोष कुमार जैन कलेक्शन, जिनेश कुमार जैन, संतोष कुमार जैन बलियत, मुकेश कुमार जैन, विजय कुमार रावत, विकास कुमार जैन आदि ने प्रदान किए।

## वेद ज्ञान

### समझौता दोनों पक्षों में हो...

जब किन्हीं दो पक्षों के बीच आपसी विवाद उठ खड़ा होता है तो उस विवाद को हल करने का एकमात्र तरीका होता है समझौता। समझौते में यह तय किया जाता है कि हम आपसी लड़ाई-झगड़े भूलकर शांतिपूर्वक रहेंगे। ऐसा समझौता किसी विवाद का अंत करने के लिए होता है। इसमें दोनों पक्षों को दबकर या अपनी मांगें घटाकर एक-दूसरे के साथ रियायत भी करनी पड़ती है। समझौता अलिखित या मौखिक भी हो सकता है और लिखित भी। लिखित समझौता ही कानूनी क्षेत्र में संविदा कहलाता है। समझौता करने के बहुत सारे फायदे हैं और समझौता न करने के बहुत बड़े नुकसान भी होते हैं जो हमें ही नहीं पूरे देश और समाज को भुगतने पड़ते हैं। इसका एक उदाहरण हम श्रीरामचरित मानस से और एक उदाहरण महाभारत से ले सकते हैं। श्रीरामचरित मानस के किष्किंधा कांड में हनुमानजी ने श्रीराम से कहा था कि हे नाथ सुग्रीव से मित्रता कीजिए और उसे दीन जानकर निर्भय कर दीजिए। वह सीताजी की खोज करवाएगा वह जहां-तहां करोड़ों वानरों को भेजेगा। इस समझौते के निहितार्थ को समझकर और इस पर अमल पर भगवान श्रीराम ने सुग्रीव से समझौता कर लिया। सुग्रीव ने निर्भय होकर वानरों की सेना लेकर सीताजी की खोज की और रावण के साथ युद्ध में श्रीराम का साथ दिया। इस समझौते से दोनों पक्षों का फायदा हुआ। इसी तरह का एक उदाहरण हम महाभारत से ले सकते हैं। भगवान श्रीकृष्ण पांडवों की तरफ से शांति दूत बनकर दुर्योधन की सभा में गए। उन्होंने दुर्योधन को बहुत समझाया, बार-बार समझौते की बात कर युद्ध को टालने का भरसक प्रयास किया, पर दुर्योधन तो अहंकार में अंधा हो गया था। तब भगवान श्रीकृष्ण ने कहा कि तुमने समझौता नहीं माना इसलिए अब तो युद्ध होना तय है। समझौता होना बहुत अच्छी बात है, पर शर्त यह है कि समझौता करने की लालसा दोनों पक्षों में हो। एक पक्ष समझौता करना चाहता है, लेकिन दूसरा पक्ष यदि अहंकारी है तो समझौता कभी नहीं हो सकता। यदि समझौता करने में हमारे चरित्र, स्वाभिमान को ठेस पहुंचती है तो समझौता कभी भी नहीं करना चाहिए।

## संपादकीय

# दिल्ली में इन दिनों सांस लेना मुश्किल

दिल्ली में इन दिनों सांस लेना मुश्किल है। ऐसा हर साल होता है इस मौसम में, लेकिन प्रदूषण के हल ढूंढ़ने के बजाय इस साल भी हमारे आदरणीय राजनेता एक-दूसरे पर दोष मढ़ने में लगे रहे हैं। अरविंद केजरीवाल से जब पिछले साल पूछा गया प्रदूषण के बारे में, तो उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा था कि दिल्ली के मुख्यमंत्री होने के नाते वे अपनी तरफ से पूरी कोशिश कर रहे हैं, लेकिन पंजाब में पराली जलाने पर जब तक पूरी पाबंदी नहीं लगती, दिल्ली में प्रदूषित हवाएं आती रहेंगी। इस साल ऐसा नहीं कह सके, इसलिए कि पंजाब में अब आम आदमी पार्टी की सरकार है। सो, केजरीवाल पर दोष मढ़ने में लग गए भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता और आला नेता। कब आएगा वह दिन, जब हमारे राजनेता समझ पाएंगे कि प्रदूषण राष्ट्रीय समस्या है, शहरी नहीं? देश की राजधानी में अगर हवा इतनी गंदी है कि नीले आसमान की जगह एक मैली चादर बिछी है, जो इतनी जहरीली है कि स्कूल बंद करने पड़े हैं,



डीजल गाड़ियों और ट्रकों पर पाबंदियां लग गई हैं। मलहम है यह, समाधान नहीं, सो सवाल बनता है कि ऐसा हो क्यों नहीं रहा है? एक अनुभवी रणनीतिक पंडित होने के नाते मैंने सीखा है कि जब समस्या ऐसी हो, जिसका समाधान कठिन और पेचीदा हो, तो सरकारी अफसर अदृश्य हो जाते हैं, और राजनेता एक-दूसरे पर कीचड़ उछालने में लग जाते हैं। क्या अपने भारत महान में ऐसा होता है, क्योंकि हम-आप उनसे जवाब नहीं मांगते हैं। अंग्रेजी में कहावत है कि लोगों को वैसी ही सरकारें मिलती हैं, जो उनके लायक हों, सो क्या गलती हमारी है? कुछ हद तक हो सकती है, लेकिन यह भी सच है कि कुछ ऐसी चीजें हैं, जिनमें आम लोग कुछ नहीं कर सकते हैं। गंभीर लापरवाही, जो साफ दिख रही है प्रदूषण को लेकर, वह हमारे शासकों की है। नीतियां बनाने का काम हमने उनको सौंपा है। शहरों की आबोहवा स्वच्छ रखना सरकारों की सबसे महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारियों में से है, लेकिन बावजूद इसके कि देश के आला राजनेता दिल्ली में रहते हैं, ऐसा क्यों है कि पर्यावरण के बारे में प्रधानमंत्री की आवाज सिर्फ अंतरराष्ट्रीय सभाओं में सुनने को मिलती है? इन दिनों मिस्र में चल रहा है काप-27 सम्मेलन, जहां भारत उन देशों में से है, जो पर्यावरण के बिगड़े हाल का सारा दोष डाल रहे हैं विकसित पश्चिमी देशों पर और मांग रखे हैं कि इसका मुआवजा उनको देना पड़ेगा। यह बात कुछ हद तक सही है, लेकिन क्या हमारे शहरों की हवा को साफ रखना हमारी अपनी जिम्मेदारी नहीं है? क्या गंगा और यमुना जैसी पवित्र नदियों को साफ करना हमारी जिम्मेदारी नहीं है? जब तक हमारे राजनेता इसको स्वीकार नहीं करते, तब तक भारत माता का हाल बिगड़ता रहेगा। ऐसा नहीं कि हमारे राजनेताओं ने हमारे करोड़ों रुपए लगाए न हों नदियां और शहरों की हवा साफ करने पर, लेकिन ऐसा जरूर है कि ये करोड़ों रुपए तकरीबन पूरी तरह बेअसर रहे हैं। किसकी जिम्मेदारी है यह? किससे मांगें जवाबदेही? **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# बचपन की फिक्र

बीते दिनों राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा मनोरंजन उद्योग में बाल कलाकारों से संबंधित दिशा-निर्देशों का एक मसौदा अधिसूचित होने के बाद उल्लंघन के मामले सामने आने पर सख्त कार्रवाई की हिदायत दी गई है। दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि किसी भी बच्चे को लगातार सत्ताईस दिन से अधिक काम करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। इसके अलावा, एक दिन में उससे छह घंटे से अधिक काम नहीं कराया जा सकता। बच्चे की आय का बीस फीसद हिस्सा एक राष्ट्रीयकृत बैंक में सावधि जमा खाते में जमा कराना होगा। इन नियमों का उद्देश्य फिल्मों, टीवी, रियलिटी शो, सोशल मीडिया और ओटीटी मंचों पर काम करने वाले बाल कलाकारों को शारीरिक और मनोवैज्ञानिक तनाव से बचाना और उनके लिए स्वस्थ कार्य वातावरण सुनिश्चित करना है। उल्लेखनीय है कि अब लोकप्रियता के संसार में बच्चों के लिए टेलीविजन और फिल्मों के अलावा कई दूसरे माध्यम भी जुड़ गए हैं। नतीजतन, बालमन की उलझनें और आपाधापी भी बढ़ गई है। इसीलिए यह सख्ती आवश्यक भी है। गौरतलब है कि 2011 में जारी दिशा-निर्देशों के बाद से संबंधित कानूनों में कई संशोधन हुए हैं। किशोर न्याय अधिनियम 2015, बाल श्रम संशोधन अधिनियम 2016, यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम 2012 और सूचना प्रौद्योगिकी नियमावली 2021 के अलावा अब बच्चों को अपराधों से बचाने के लिए बीते कुछ बरसों में कई नए कानून बने हैं। साथ ही राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग को टेलीविजन कार्यक्रमों और ओटीटी मंचों से जुड़े बच्चों को लेकर कई शिकायतें मिलने के कारण भी नए नियम जारी किए गए हैं। समग्र रूप से यह पहल चकाचौंध की दुनिया में बच्चों के काम के घंटों और काम करने के परिवेश को लेकर सतर्क रहने की आवश्यकता पर बल देते हैं। साथ ही शिकायतों को गंभीरता से लेने और कठोर कार्रवाई करने की बात भी कही गई है। हाल के एक अध्ययन में सामने आया है कि बाल कलाकारों से औसतन प्रतिदिन बारह घंटे से ज्यादा काम लिया जाता है। ऐसे में ये सभी बिंदु बचपन को सहेजने के कई पहलुओं से जुड़े हैं। असल में, नाम और दाम कमाने की इस चमक-दमक के खेल में बच्चों के लिए शारीरिक-मानसिक प्रताड़ना कम नहीं है। दुखद है कि फिल्म और टीवी की दुनिया की व्यावसायिकता ही नहीं, आम जीवन में भी बच्चों को एक अर्थहीन लोकप्रियता की ओर धकेला जा रहा है। आभासी मंचों ने लोगों की इस दीवानगी को समझते हुए इसे कमाई करने की होड़ से भी जोड़ दिया है। देखने में आ रहा है कि सोशल मीडिया पर नाचते-गाते, द्विअर्थी संवाद बोलते, किसी का उपहास उड़ाते बच्चों के वीडियो डाल कर चर्चित होने का जुनून रखने वाले अभिभावक भी इस मामले में पीछे नहीं हैं। 'रील्स' और 'वीडियो' बनाने की सनक ने मासूमों के जीवन में तकलीफदेह स्थितियां पैदा कर दी हैं, जिसे खुद उनके अभिभावक हवा दे रहे हैं। ऐसे में एक ओर ग्लैमर का बाजार बच्चों का बचपन छीन रहा है, तो दूसरी ओर अपने भी उन्हें आभासी चमक-दमक की दुनिया का हिस्सा बना रहे हैं। आशा है कि इन दिशा-निर्देशों के चलते अब रियलिटी शो और सोशल मीडिया के लिए बनने वाले वीडियो सामग्री में भी बच्चों के शोषण और उनसे करवाए जाने वाले अजब-गजब कामों पर रोक लग सकेगी।




# विशाल जुलूस के साथ स्वस्ति भूषण माताजी ससंघ का दौसा के श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में हुआ भव्य मंगल प्रवेश

**जयपुर/दौसा. शाबाश इंडिया**

भारत गौरव, स्वस्ति धाम प्रणेत्री गणिनी आर्यिका स्वस्ति भूषण माताजी ससंघ का सोमवार, 14 नवम्बर को दौसा शहर के श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। प्रातः 8 बजे जैन बन्धुओं ने सैंथल मोड स्थित ओसवाल पैट्रोल पम्प पर आर्यिका संघ की अगुवानी की। वहाँ से गाजे बाजे के साथ जैन समाज के लोग नाचते गाते शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुये आर्यिका संघ को लेकर आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर पहुंचे। इस दौरान जगह जगह लोगों ने गुरू माँ की आरती उतारकर, पाद प्रक्षालन कर आशीर्वाद लिया। आदिनाथ मंदिर के प्रवेश द्वार पर गुरू माँ का 21 थालियों में पाद प्रक्षालन किया। इस दौरान मंदिर परिसर भगवान के जयकारों से गुंजायमान हो गया। आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में चातुर्मास कर रहे उपाध्याय उर्जयन्त सागर मुनिराज व आर्यिका रत्न स्वस्ति भूषण माताजी का मंगल मिलन हुआ। इस मौके पर धर्मसभा का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत रंजना जैन ने मंगलाचरण से की। इसके बाद आर्यिका स्वस्तिभूषण माताजी ने अपने आशीर्वचन में बाल दिवस पर बोलते हुये कहा कि आजकल बेवकूफ बच्चे पैदा होना बंद हो गये हैं। नई प्रतिभावान पीढी को सही दिशा दिखाना समाज का महत्वपूर्ण व आवश्यक कार्य है, नही तो इनकी प्रतिभा का उपयोग गलत हो जायेगा। माताजी ने कहा कि समय के साथ सब कुछ बदल जावे लेकिन देव, शास्त्र, गुरु की भक्ति मत बदलना। धर्म की अंगुली पकड़कर चलते रहेंगे तो जीवन धन्य हो जाएगा। यदि धर्म छूट गया तो जीवन में विपदाओं की बाढ लग जाएगी। उन्होंने दौसा मंगल प्रवेश को वात्सल्य प्रवेश बताया। इस अवसर पर उन्होंने दौसा में जैन पाठशाला शुरू करने के लिए महिला-पुरूषों की एक टीम का गठन किया। पूज्य उपाध्याय उर्जयन्त सागर महाराज ने प्रवचन देते हुये कहा कि दौसा के लोगों का सौभाग्य है कि भारत गौरव, आर्यिका रत्न, स्वस्ति धाम प्रणेत्री, आर्यिका माताजी का दौसा में आगमन हुआ है। एक जैन श्रावक को पिच्छी व कमंडल का उपासक होना चाहिए और हर जैन मुनि व आर्यिका संघ का प्रवेश-आहार-विहार पूरी भक्ति व श्रद्धा के साथ कराना चाहिए। उन्होनें कहा



कि जिस प्रकार एक रथ को चलाने के लिए चार पहियों की आवश्यकता होती है। उसी प्रकार धर्मरूपी रथ को आगे बढ़ाने



के लिए मुनि-आर्यिका व श्रावक-श्राविका रूपी चार पहियों की बहुत जरूरत है। अगर एक भी पहिया अपने दायित्व व कर्तव्य से पीछे हटा तो धर्म का पहिया वहीं रूक जायेगा। कार्यक्रम का संचालन सुधीर जैन एडवोकेट ने किया। कार्यक्रम के अंत में जैन समाज के अध्यक्ष आलोक जैन नीमला व महामंत्री प्रवीण जैन नेतावाला ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर जयपुर से पधारे श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र पदमपुरा के मंत्री हेमन्त सौगानी, राजस्थान जैन सभा जयपुर के अध्यक्ष एवं श्री दिगम्बर जैन पद यात्रा संघ जयपुर के संरक्षक सुभाष चन्द जैन, भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी राजस्थान के अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध वास्तुविद राज कुमार कोठयारी, भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महासभा राजस्थान के अध्यक्ष कमल बाबू जैन, राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री एवं राजस्थान जैन सभा जयपुर के मंत्री विनोद जैन 'कोटखावदा, रमेश ठोलिया, जे एम जैन, सुरेश काला, जिनेन्द्र जैन जीतू, प्रकाश चांदवाड, पी सी छाबड़ा, अशोक बाकलीवाल, शिखर चन्द कासलीवाल, अमर दीवान खोराबीसल, राकेश पाटनी, नरेश कासलीवाल, पवन जैन, राजेन्द्र जैन मोजमाबाद, सहित दौसा जैन समाज के सुधीर जैन एडवोकेट, बाबूलाल जैन, प्रेमचंद जैन, राकेश जैन, राजेन्द्र जैन, पारस टहटडा, विमल चंद जैन, गौरव जैन एडवोकेट, संजय जैन, निर्मल जैन, रजनीष जैन, मंजू जैन, मणि मोरा, पुष्पलता जैन सहित समाज के महिला-पुरूष बडी संख्या में मौजूद थे।

# बाल दिवस का आयोजन दिव्यांगों के साथ



**अजमेर. शाबाश इंडिया**

राजस्थान महिला कल्याण मण्डल चाचियावास द्वारा संचालित राजस्थान का प्रथम सर्व सुविधा युक्त ''अद्वैत'' शीघ्र हस्तक्षेपण केन्द्र में बाल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉ. प्रियंका रघुवंशी अति. पुलिस अधीक्षक अजमेर व अध्यक्षता श्रीमती रूपश्री जैन, अध्यक्ष जैन सोशल ग्रुप अजमेर विशिष्ट अतिथि में मनोज जैन, बुद्धाराम विश्नाई, संजय सोनी, प्रतीन सेठी, अशोक गदिया, श्रीमती चित्रा सेठी, राजकुमार पटौदी, सुभाष बड़जात्या, प्रदीप पाटनी अध्यक्ष सामाजिक संसद बड़ाधड़ा पुलकमंच अजमेर, कर्मा बाई महिला मंच श्रीमती प्रीति चौधरी महासचिव, श्रीमती मंजना चौधरी, इंदू चौधरी, भारती चौधरी संस्था सचिव एवं मुख्य कार्यकारी श्रीमती क्षमा आर. कौशिक एवं निदेशक राकेश कुमार कौशिक द्वारा फीता काटकर शुभारम्भ किया गया। बाल दिवस कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों के मनोरंजन हेतु रिंग फैंकना, पानी में सिक्का डालना, म्यूजिकल चेयर रेस आदि खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। कर्मा देवी ग्रुप द्वारा बच्चों के लिये 28 स्वेटर, केले, चॉकलेट वितरित किये गये, जैन सोशल ग्रुप द्वारा बच्चों को अल्पाहार करवाया गया साथ ही चोटवानी परिवार द्वारा 11,000 रुपए की स्टेशनरी उपलब्ध करवाई गई। इसके अतिरिक्त ऋचा फाउंडेशन अजमेर की ओर बच्चों को बिस्कुट बांटे गए। कार्यक्रम में स्वाती कॉलातकर धर्मीचन्द वैष्णव, खैरूनिशा शेख, प्रेरणा शर्मा, स्तुति, वनीता पंवार, करूणा शर्मा, मंजू शर्मा, लक्ष्मण सिंह चौहान, राजेश खींची, संदीप चाइल्ड लाईन, के.एस.सी.एफ.टीम का सहयोग रहा अन्त में अथितियों का आभार संस्था मुख्य कार्यकारी श्रीमती क्षमा आर कौशिक द्वारा गया मंच संचालन ईश्वर शर्मा द्वारा किया गया।



## बाल मेले का हुआ आयोजन



**अर्पित जैन. शाबाश इंडिया।**

भैंसलाना। कस्बे के राजकीय महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल में बाल दिवस पर बाल मेले का आयोजन किया गया।बाल मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद प्रतियोगिता और तरह तरह के व्यंजन जिसमे पानी पताशी, मैगी, पास्ता, कॉफी, चाय आदि फास्ट फूड और कुरकुरे, नमकीन, गजक, मूंगफली आदि स्टॉल स्कूल विधार्थियो द्वारा लगायी गए । इस दौरान सभी विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। विधार्थियो के उत्साहवर्धन के लिए ग्रामीणों और स्कूल के अध्यापकों द्वारा स्टॉलो से खरीदारी की गई। इस दौरान पवन चौधरी,सुरेंद्र कुमार,मुकेश चौधरी, सुप्यार जाट,दिनेश कुमावत,रामधन कुमावत,सुरेश शर्मा अन्य मौजूद रहे।

## समोसरण मंदिर पंचकल्याणक कार्यालय का शुभारंभ हुआ




**इंदौर. शाबाश इंडिया।** समोसरण मंदिर में विराजमान होने वाली श्री शांतिनाथ भगवान की स्फटिक मणि की विश्व की सबसे बड़ी प्रतिमा एवं अन्य प्रतिमाओं का दिनांक 30 नवंबर से 5 दिसंबर तक महावीर नगर तिलक नगर के पास होने वाले श्री अरिष्टनेमी जिन बिंब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के कार्यालय का उद्घाटन वयोवृद्ध विद्वान पंडित रतन लाल जी शास्त्री के सानिध्य में समोसरण मंदिर परिसर में दिगंबर जैन महिला संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सुमन जैन, महिला परिषद की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती निर्मला जैन एवं महासमिति की राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष श्रीमती मंजू अजमेरा ने किया। इस अवसर पर पंडित जी ने अपने आशीर्वचन ने कहा कि स्फटिक मणि की प्रतिमा का समोसरण मंदिर में विराजमान होना सौभाग्य की बात है। पंचकल्याणक महोत्सव उत्कृष्ट कार्य है इसे अंतरंग की विशुद्धि एवं उमंग और उत्साह के साथ सफल बनाएं। महोत्सव के अध्यक्ष हंसमुख गांधी ने बताया कि पंचकल्याणक के लिए पूर्व घोषित स्थान चमेली बाग के स्थान पर अब तिलक नगर के पास श्री कृष्ण पब्लिक स्कूल के पीछे महावीर बाग के ग्राउंड में संपन्न होगा। समारोह को आजाद जैन, सुमन जैन, एवं रानी डोसी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर पात्रों का शाल श्रीफल से सम्मान भी किया गया। समारोह में श्री आजाद जैन, होलास सोनी, अरुण सेठी, डॉक्टर अरविंद जैन, रजनीकांत गांधी, डॉक्टर जैनेंद्र जैन, श्रीमती मुक्ता जैन, सोनल जैन एवं उषा पाटनी आदि उपस्थित थे।

# फीचर फिल्म 'ऊंचाई' का विशेष प्रदर्शन



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री नेमीनाथ दिगम्बर जैन समाज समिति के सदस्यों के लिए मिराज सिनेमा हॉल में फीचर फिल्म ऊंचाई का एक विशेष शो का आयोजन किया गया। इस फिल्म का प्रदर्शन अनिल जैन बबिता जैन धुआं वाले एवं परिवार के सौजन्य से किया गया। समिति के अध्यक्ष जे के जैन कालाडेरा ने बताया कि शो में बड़ी संख्या में नेमीसागर कालोनी निवासी दर्शक उपस्थित थे। शो से पूर्व समिति द्वारा धुआं वाले परिवार का अभिनन्दन किया गया। समिति के संरक्षक हंसराज गंगवाल, उपाध्यक्ष अनिल जैन, संजीव कासलीवाल, पूनम ठोलिया आदि ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। समिति के उपाध्यक्ष अनिल जैन द्वारा आगंतुकों का आभार ज्ञापित किया गया।

# जीवदया के कार्यों के लिए मंत्री भायाजी ने पाया आचार्य श्रीजी का आशीर्वाद



**वाशिम, महाराष्ट्र. शाबाश इंडिया**

राजस्थान सरकार के खान एवं गोपालन मंत्री प्रमोद जैन भाया का बहुत बड़ा पुण्य का अवसर रहा जब वो आज भारत जोड़ो यात्रा के दौरान महाराष्ट्र के वाशिम जिले के हराल कस्बे में विराजित संत शिरोमणि आचार्यभगवन्त श्री विद्यासागर जी महाराज ससंघ के दर्शनार्थ पहुँचे। आचार्यभगवन्त ने मंत्री भायाजी को जीवदया के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों के लिए आशीर्वाद प्रदान कर भविष्य की विभिन्न योजनाओं के बारे में आधे घण्टे तक चर्चा कर आशीर्वाद प्रदान किया। मुनिश्री प्रसाद सागर जी,मुनिश्री चन्द्रप्रभ सागर जी,मुनिश्री निरामय सागर जी ने भी आशीर्वाद दिया साथ ही ब्रह्मचारी तात्या भैया जी ने जीवदया के कार्यों की प्रशंसा की।

संकलन एवम प्रेषक:
पारस जैन ''पार्श्वमणि'' कोटा (राज)

# रेवाड़ी में ऐतिहासिक रहा पिच्छी परिवर्तन समारोह



**रेवाड़ी. शाबाश इंडिया**

आचार्य श्री 108 अतिवीर जी मुनिराज का मंगल चातुर्मास धर्मनगरी रेवाड़ी स्थित अतिशय क्षेत्र नसिया जी में व्यापक धर्मप्रभावना के साथ सानंद संपन्नता की ओर अग्रसर है। प्रति वर्ष की भाँती इस वर्ष भी मार्गशीष बदी पंचमी को निकलने वाली रेवाड़ी नगर की ऐतिहासिक वार्षिक रथयात्रा प्राचीन श्री चन्द्रप्रभ दिगम्बर जैन कुआंवाला मंदिर, जैनपुरी से पूज्य आचार्य श्री के पावन सान्निध्य में प्रारम्भ हुई। भव्य रथयात्रा में जैन ध्वज, स्कूली बच्चे, बैनर, बग्गियां, विभिन्न रथ, प्रेरक व मनमोहक झांकियां तथा श्रीजी का विशाल रथ सम्मिलित थे जो कि नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए अतिशय क्षेत्र नसिया जी पहुंचकर धर्मसभा में परिवर्तित हुई जहाँ पूज्य आचार्य श्री के चातुर्मास निष्ठापन व पिच्छी परिवर्तन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मंगलाचरण, जिनवाणी विराजमान, दीपप्रज्जवलन आदि मांगलिक क्रियाओं के साथ किया गया। सौभाग्यशाली महानुभावों द्वारा आचार्य श्री के कर-कमलों में शास्त्र भेंट तथा आचार्य श्री का पाद-प्रक्षालन किया गया. पूज्य आचार्य श्री ने समस्त समाज को अपना मंगल आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि लगभग 13 वर्षों के सतत प्रयासों के बाद मिले इस चातुर्मास को रेवाड़ी समाज ने ऐतिहासिक रूप से सफलता पूर्वक संपन्न करवाकर एक नया इतिहास बना दिया है।

# सहकारिता ही किसान विकास का अच्छा विकल्प है : पारस मल जैन

## 69 वें अखिल भारतीय सहकार सप्ताह पर झड़वासा में विशेष कार्यक्रम




**रोहित जैन. शाबाश इंडिया।**

नसीराबाद। क्षेत्र के झड़वासा में दूध उत्पादकों ने दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति (बीएमसी) में मनाया 69 वां सहकार दिवस। सोमवार को अजमेर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति लिमिटेड के तत्वावधान में झड़वासा बीएमसी पर सरस के ग्रामीण डेयरी सचिवों और दूध उत्पादकों द्वारा अजमेर डेयरी द्वारा 14 नवम्बर से 22 नवम्बर 2022 तक चलाये जा रहे 69 वां अखिल भारतीय सहकार सप्ताह तहत प्रथम दिन सहकार दिवस मनाया गया। इस मौके पर राजस्थान राज्य दूध उत्पादक सहकारी समिति सचिव संघ अजमेर के अध्यक्ष पारस मल जैन ने बताया की सहकारिता ही किसानों और पशुपालकों के विकास का सबसे अच्छा विकल्प है इसके जरिये ही राजस्थान सरकार द्वारा सहकारिता विभाग में चलाई जा रही विभिन्न अनुदानिक और गैर अनुदानिक योजनाओं का लाभ किसान व पशुपालक लेतें है जैसे पशुधन बीमा, पशुओं का बाँटा, पशुधन पर ऋण आदि इसी तरह सहकारिता में क्रय विक्रय से भी किसानों को कई लाभदायक योजनाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है साथ ही अजमेर सरस डेयरी द्वारा निर्मित सभी उत्पादकों की शुद्धता व गुणवत्ता पर भी बताया और सभी उत्पादकों को ज्यादा से ज्यादा उपयोग के लिए प्रेरित भी किया। इस अवसर पर डेयरी उप प्रबंधक अशोक कुमार महला, पूर्व सरपंच शंभूलाल मेघवंशी, झड़वासा सचिव विनोद जैन, मोतीपुरा से नाथू लाल यादव, रसूलपुरा से विजय पटेल, कुम्हारिया से प्रह्लाद गुर्जर, चाट से गणपत चौधरी, रामपुरा से किशन वैष्णव और गोपाल सेन आदि उपस्थित थे।

# Fresher's Party UDAAN-2022' का आयोजन





**जयपुर. शाबाश इंडिया।** मस्ती और जोश के साथ हुआ सीनीयर्स द्वारा न्यूकमर्स का स्वागत। अवसर था महावीर मार्ग, सी-स्कीम स्थित श्री महावीर कॉलेज मे शनिवार दिनाक 12 नवंबर, 2022 को आयोजित फेशर्स पार्टी उडान-2022 का। फेशर्स पार्टी मे नव आगन्तुकों का परम्परागत तरीके से तिलक लगाकर स्वागत किया गया। संस्था के कोषाध्यक्ष श्री महेश जी काला एवं मुख्य अतिथि श्री प्राचार्य डा. आशीष गुप्ता ने अपने अभिभाषण में छात्र छात्राओं को महाविद्यालय मे अपने जीवन के क्षणों का अधिकतम उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात प्रतियोगिता के जज मिस्टर नितिन शंकर पारीक एवं मिस स्वेता राजे ने प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किये जिसमे तनुश्री माथुर को मिस फेशर्स और नोमित पुरोहित को मिस्टर फेशर से नवाजा गया। अमन खान को Most Confident




सुमेर जैन (चेयरपर्सन स्वास्तिक प्लाई बोर्ड) ने अपने अभिभाषण मे विद्यार्थियों को जीवन मे आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया। फेशर्स ने उत्साह के साथ 'Fire & Ice' थीम पर कैटवॉक करके अपना अपना परिचय दिया। मिस्टर और मिस फेशर प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित की गई जिसमे कैटवॉक परिचय और प्रश्न उत्तर प्रतियोगिता थी। कार्यक्रम मे सीनीयर्स द्वारा कई सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। कॉलेज के बी कॉम, बी.सी.ए, बीबीए, बी.ए., बी.वी.ए, एम कॉम, के विद्यार्थियों ने पूरे जोश के साथ देवा देवा ओम देवा, भूलभुलिया, छैया - छैया आदि गानों पर विभिन्न डांस प्रस्तुतिया दी और गाने गाकर सबका दिल जीत लिया। तालियों से सभागार गुंज उठा। कॉलेज के (Male) और प्रियंका शर्मा को Most Confident (Female), Best walk (Male) अर्णव मित्तल Best walk (Female) शुमाइला , Best Personality (Male) आत्मिक नवानि Best Personality (Female) अनुष्का जांगिड़ , Best Dress (Male) पूर्विक धूपीआ और Best Dress (Female) का आस्था माहेश्वरी को खिताब दिया गया। संस्था के अध्यक्ष श्री उमराव मल संघी ,सचिव श्री सुनील बख्शी , सयुंक्त सचिव कमल बाबू जैन , प्रबंध समिति के सदस्य प्रमोद जैन , विनोद जैन कोटखावदा, मुकेश सोगानी, राजेंद्र बिलाला एवं प्रोफेसर एन डी माथुर ने सभी विजेताओं को शुभकामनायें प्रेषित की।

## जैन सोशयल ग्रुप महानगर की सम्मेद शिखर जी की यात्रा 16 नवम्बर से




### 20 नवम्बर को वापस जयपुर आयेंगे यात्री

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन सोशयल ग्रुप महानगर की सम्मेद शिखर जी की यात्रा 16 नवम्बर से 20 नवम्बर तक आयोजित की जायेगी। ग्रुप अध्यक्ष संजय जैन छाबडा ने बताया कि 165 यात्री जयपुर से 16 नवम्बर को दोपहर 2 बजे जयपुर रेलवे स्टेशन से समाज के गण मान्य नागरीको की उपस्थिति में रवाना होंगे तथा 20 नवम्बर को वापस जयपुर आएंगे। सचिव अनुज जैन ने बताया कि यात्रा की व्यवस्थाओ के लिये ग्रुप के पूर्व अध्यक्ष सिद्दार्थ पांड्या व दीपेश छाबडा को मुख्य सयोंजक तथा सुनील गंगवाल, पंकज जैन, स्वाती जैन, अमित आधिका, विनीत जैन, संदीप पाटनी, पुखराज जैन को संयोजक बनाया गया है।


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

द्वितीय समाधि दिवस पर विशेष

# सराकोद्धारक श्री १०८ ज्ञान सागर जी महाराज

## जीवन परिचय


ये संत कोई ओर नहीं इस युग के श्रेष्ठ आचार्यो में से एक है। जिनमें भगवान महावीर का प्रतिबिम्ब झलकता है ।जिनका वर्णन शब्दों में कर पाना बेहद कठिन ही नही, नामुमकिन है । जिनके व्यक्तित्व को कवि की कविता, चित्रकार के चित्र ,वक्ता के शब्द ,लेखक की कलम भी व्यक्त नहीं कर सकती । जिनका व्यक्तित्व हिमालय से ऊँचा है और सागर से भी गहरा है ऐसे विराट ह्रदय में समाने वाले आचार्य श्री 108 ज्ञानसागर जी महाराज का जीवन परिचय देना सूरज को दीपक दिखाने के समान है फिर भी हम अज्ञानीजन आचार्य श्री की गौरव गाथा को संक्षेप में प्रस्तुत करने का प्रयास कर रहे है ।आइए जानते हैं विराट व्यक्तित्व की कुछ विशेषताएं ।

### जन्म

बैशाख शुक्ल द्वितीय वि सं. 1 मई 1957
जन्म स्थान
मुरैना (मध्यप्रदेश)जन्म नाम
श्री उमेश कुमार जी जैन
पिता का नाम
श्री शांतिलाल जी जैन
माता का नाम
श्रीमती अशर्फी देवी जैन
ब्रह्मचर्य व्रत



सं. 2034, सन 1974
क्षुल्लक दीक्षा
सोनागिर जी
5-11-1976
क्षु. दीक्षोपरांत नाम
क्षु श्री गुणसागर जी
क्षुल्लक दीक्षा गुरू
आचार्य श्री सुमतिसागर जी महाराज
मुनि दीक्षा
सोनागिर जी महावीर जयन्ती 31-03-1988
मुनि दीक्षोपरांत नाम
मुनि श्री ज्ञानसागर जी
दीक्षा गुरु
आचार्य श्री सुमतिसागर जी महाराज
उपाध्याय पद
सरधना 30-11-1989,जिला मेरठ (उ. प्र.)आचार्य पद



बडागांव,बागपत मई 2013 (उ. प्र.)

### बचपन की मुस्कान

चंबल के बीहड़ जिला मुख्यालय मुरैना (मध्य प्रदेश) में श्रावक श्रेष्ठी श्री शांति लाल जी, अशर्फी देवी जी के घर आंगन में 1 मई 1957, प्रातः 6:00 बजे बालक ह्यउमेशह्न ने जन्म लिया। जब बचपन में खेलने की उम्र होती है उस समय वह खेल- खेल में देवता की प्रतिमा बनाते नजर आते थे और उसे घंटो तक निहारते रहते थे और प्रतिमा को आधार बनाकर ,ध्यान लगाते रहते थे, कक्षा के प्रतिभाशाली छात्र के रूप में आप विद्यालय के सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी के रुप में जाने जाते थे ।

### संस्कारों का आरोहण

अपने दादाजी श्री शंकर लाल जी के साथ संस्कारों की सीढ़ी पर उमेश ने चलना सीखा और मुनिसंघो के दर्शन कर अपने जीवन को वैराग्यमय बनाने का संकल्प ले लिया। फिरोजाबाद (उत्तर प्रदेश) में जब दादाजी के साथ आचार्य श्री विमल सागर जी महाराज के दर्शनार्थ पहुंचे तो वहां हो रहे केशलोंच को देखकर बालक मन मैदान में पड़ी धूल को सिर पर डालकर अपने बालों को उखाड़ने लगा मानो वह दृढ़ निश्चयी बालक उमेश केशलोंच का अभ्यास कर रहा हो तभी वहाँ बैठे श्रद्धालुओं ने बालक को रोक दिया लेकिन कुछ उखड़े बालों ने पूरे बाल बनवाने को मजबूर कर दिया परन्तु यह तय हो गया कि मैं केशलोंच तो कर ही सकता हूं और संस्कारों का आरोहण प्रारंभ हो गया ।

### कुमार अवस्था में त्याग की उत्कंठा

मात्र 13 वर्ष की आयु में बाजार की वस्तुएँ ना खाने का नियम ले लिया उमेश ने ।पिच्छी और कमंडल से ऐसा अनुराग कि उन्हें अभी ले लूँ ,वेश ब्रह्मचर्य का और घर छोड़ने की ज़िद पर ,घर के लोगों ने उन्हें समझाया कि छोटी सी उम्र में गृह त्याग करना उचित नहीं है पहले ज्ञान अर्जन करो जिससे साधु बाने के साथ न्याय किया जा सके , संगीत के यंत्रों के साथ लौकिक शिक्षा में पारंगत उमेश ने जैन धर्म ग्रंथों का अध्ययन भी प्रारंभ कर दिया और कुमार अवस्था में त्याग की उत्कंठा को स्थापित कर त्याग मार्ग पर कदम बढ़ाना प्रारंभ किया ।

# महावीर पब्लिक स्कूल में उत्साह पूर्वक मनाया 'बाल दिवस'



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** 14 नवम्बर को महावीर पब्लिक स्कूल में 'बाल दिवस' पर शिक्षकों द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई। प्राथमिक कक्षा के बच्चों के लिए कठपुतली का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, माध्यमिक स्तर के छात्र-छात्राओं ने कविता नृत्य गायन, चुटकुले आदि का भरपूर भरपूर आनंद लिया इसके साथ ही माध्यमिक स्तर के बच्चों को प्रोत्साहावर्धक फिल्म दिखाई गई। शिक्षकों ने भाषण, कविता, गायन आदि के माध्यम से बच्चों का मनोरंजन किया। शिक्षकों द्वारा दी गई प्रस्तुतियों से बच्चे बहुत आनंदित हुए। विद्यालय के अध्यक्ष उमराव संघी, मानद् मंत्री सुनील बख्शी, कोषाध्यक्ष महेश काला, संयोजक सुदीप ठोलिया, समस्त कार्यकारिणी सदस्य एवं विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सीमा जैन ने बच्चों को 'बाल दिवस' की बहुत-बहुत बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# प्रतिभा, स्वास्थ्य, ज्ञान अभिनन्दन, फरीदाबाद में दो गौरवशाली आयोजन संपन्न हुए

**फरीदाबाद. शाबाश इंडिया।** आराध्य धाम में जिनालय में फ्री हेल्थ चेक उप कार्यक्रम हुआ ।सखी एन. जी. ओ.की ओर से यह सेवा कार्यक्रम हुआ, जिसमें आस पास के लगभग 100 लोगों ने लाभ लिया। इस अवसर पर सुरेन्द्र - श्रीमती रेखा का अभिनन्दन किया गया। सेक्टर 16 जिनालाय में सभी को ऊर्जा प्रदान करने वाले 83 वर्ष की उम्र में भी तरुणाई के प्रतीक, कर्मयोगी डॉ सुभाष जैन जी ने अंतराष्ट्रीय योग दिवस व पूज्य आचार्य श्री ज्ञान सागर जी की पुण्यतिथि के अवसर पर प्रतिभावान बच्चों का सम्मान, देश के प्रमुख आयुर्वेद व नेचरोपैथिक चिकित्सक डॉ सबास का उदबोधन,संस्कृति कार्यक्रम, साथ में पूज्य आचार्य श्री अरुण सागर जी का प्रेरक उदबोधन व भंडारा का कार्यक्रम कराया। डॉ सुभाष जी के नेतृत्व में कार्यक्रम सुचारु रूप से चला । संत आचार्य श्री अरुण सागर जी के आशीर्वाद व उदबोधन विशेष उपलब्धि रहीं। कार्यक्रम में शिक्षाविद, डॉ, धार्मिक विद्वान, राजनैतिज्ञ व प्यारे बच्चों की उपस्थित रही ।डॉ सुभाष जैन जी की विगत 35 वर्षों से समर्पित सेवाओं की सभी ने सराहना की ।



# जीवन की सबसे बड़ी सम्पत्ति प्रसन्नता ही है : श्रमण मुनि विशल्यसागर जी

**झुमरीतिलैया. शाबाश इंडिया।** झुमरीतिलैया की धर्म नगरी में पहली बार त्याग , साधना , आराधना की वात्सल्य मूर्ति जैन संत मुनि श्री 108 विशल्यसागर जी गुरुदेव का सार्वजनिक दिव्य सत्संग श्री दिगम्बर जैन नया मंदिर ,पानी टंकी रोड में दिनांक 15 से 17 नवम्बर 2022 तक समय दोपहर 2:15 से 3:30 बजे तक होगा । जिसमें सभी समाज के लोग उपस्थित होकर धर्म लाभ लेंगे। प्रवचन श्रृंखला में गुरुदेव ने कहा जीवन की सबसे बड़ी सम्पत्ति प्रसन्नता ही है ।तुम दुःखी हो,क्योंकि तुम जो चाहते हो, पसंद करते हो वह तुम्हें नहीं मिल पा रहा है। प्रसन्न रहने की कला तो इसमें है कि जो तुम्हें मिल रहा है उसी को पसंद करना शुरू कर दो। ईश्वर हमें वह सब नहीं देता,जो हम चाहते है ।जो ईश्वर ने दिया है हम उसे पसंद करना शुरू कर दें। हम सदा खुश रहेंगे। सुख और दुःख दोनों का सम्मान करो।अगर आप अपने मन को इस दिशा में मोड़ने या बदलने में सफल हो जाते है तो प्रसन्नता अपने आप आएगी।



# भीलवाड़ावासियों की भावना व आस्था के सामने धन्यवाद शब्द छोटा, चेहरों पर दिख रहा श्रद्धाजल अनमोल

## समकित मुनिजी की भीलवाड़ा शहर से विदाई में उमड़ा भावनाओं का सागर। कोठारी वाटिका में हुआ धन्यवाद यात्रा का समापन

**सुनील पाटनी. शाबाश इंडिया**



**भीलवाड़ा।** पिछले करीब पांच माह से भीलवाड़ा शहर में चातुर्मासिक प्रवास कर रहे आगम मर्मज्ञ, प्रज्ञामहर्षि, वाणी के जादूगर डॉ. समकितमुनिजी म.सा. आदि ठाणा शांतिभवन चातुर्मास सम्पन्न कर पिछले पांच दिन से निकाली जा रही धन्यवाद यात्रा के अंत में सोमवार को सांगानेर पहुंचे तो श्रावक-श्राविकाओं के मन की भावनाओं का सैलाब उफन सा पड़ा। भावुक भक्तगणों की गुरूदेव के प्रति श्रद्धा शब्दों से बयां होने के साथ नयनों से बहते श्रद्धाजल से भी उजागर हो रही थी। धन्यवाद यात्रा दिवस के अंतिम दिवस सुबह सांगानेर रोड स्थित यश सिद्ध स्वाध्याय भवन से विहार करके सांगानेर कोठारी वाटिका (फार्महाउस) पहुंचे। समकितमुनिजी म.सा. को शांतिभवन श्रीसंघ द्वारा आगम मर्मज्ञ की पदवी प्रदान करने पर धर्मसभा में सांगानेर श्रीसंघ एवं लाभार्थी सुराना परिवार ने आदर की चादर भी मुनिश्री को समर्पित कर अपनी भावना व्यक्त की। प्रवचन में पूज्य समकितमुनिजी म.सा. ने कहा कि संत-साध्वियों का आना-जाना होता है लेकिन कुछ चातुर्मास हमेशा के लिए यादगार बन जाते है। ऐसा ही यादगार चातुर्मास इस बार भीलवाड़ा शांतिभवन का रहा है। आपकी भावना, श्रद्धा व आस्था देखता हूं तो धन्यवाद शब्द भी थोड़ा सा कम पड़ रहा है। वाकई में आपकी श्रद्धा व भावना जीत गई और हमारा ये छोटा सा धन्यवाद शब्द आज स्वयं को हारा हुआ महसूस कर रहा है। मुनिश्री ने कहा कि आपके चेहरे देख रहा हूं और बहुत से चेहरो पर श्रद्धाजल भी नजर आ रहा है जो अनमोल है। भीलवाड़ा के श्रावक-श्राविकाएं करीब पांच माह जिनवाणी सुनते रहे स्वयं के अंदर समय-समय पर बदलाव का प्रयास भी किया। आगे भी जिनवाणी श्रवण करते रहे और जहां भी सुधार हो सकता उसे करते हुए आगे बढ़े। उन्होंने संग बिराजित रविन्द्रमुनिजी नीरज म.सा. को स्नेही मित्र बताते हुए कहा कि जहां आत्मीयता व अपनापन होता वहां बीच में कुछ नहीं रहता। पूज्य समकितमुनिजी म.सा. ने भी प्रवर्तक अंबालालजी म.सा. राजस्थान सिंहनी यशकंवरजी म.सा., जैन दिवाकर चौथमलजी म.सा., श्रमण संघीय महामंत्री सौभाग्यमुनिजी म.सा., प्रवर्तक मदनमुनिजी म.सा., प्रवर्तक पन्नालालजी म.सा., मरूधर केसरी मिश्रीमलजी म.सा. आदि का स्मरण करते हुए भीलवाड़ावासियों की भक्ति भावना की तारीफ करने के लिए शब्द नहीं है। भीलवाड़ावासियों से श्रद्धा व धर्म का रिश्ता पुराना है और पता नहीं ये रिश्ता क्या कहलाता है। उन्होंने शांतिभवन में हुए चातुर्मास को अविस्मरणीय बनाने के लिए श्रीसंघ अध्यक्ष राजेन्द्र चीपड़, मंत्री राजेन्द्र सुराना, चातुर्मास संयोजक नवरतनमल बम्ब, वित्त संयोजक मनोहरलाल सूरिया सहित सभी पदाधिकारियों, युवक मंडल एवं महिला मंडल के पदाधिकारियों व सदस्यों की सेवाओं की सराहना करते हुए भीलवाड़ा के सभी श्रावक-श्राविकाओं के लिए मंगलकामनाएं व्यक्त की। धर्मसभा में रविन्द्रमुनि नीरज ने कहा कि वाक्य, संवाद और विवाद में सबसे महत्वपूर्ण संवाद है। संवाद में भावों का आदान-प्रदान होता है। संवाद गलत तो विवाद और सही हुआ तो धन्यवाद में बदल जाता है। उन्होंने कहा कि जीवन अनमोल है और इसके माध्यम से उपकार करें। समकितमुनिजी ने जिनशासन सेवा का जो माध्यम दिखाया उस पर चलना है। पदो के चक्कर में नहीं पड़कर कार्यकर्ता बनना है। हम काम बनाने वालों में रहना है न कि बिगाड़ने वाला बनना है। उन्होंने भीलवाड़ा में हुए ऐतिहासिक चातुर्मास के लिए बधाई दी। धर्मसभा के शुरू में गायनकुशल जयवंतमुनिजी म.सा. ने गीत ह्यगुरूवर सा थारी महिमा छाई है चारो ओरह्न पेश किया। प्रेरणाकुशल भवान्तमुनिजी म.सा. का भी सानिध्य मिला। सांगानेर श्रावक संघ के अध्यक्ष शांतिलाल सुराना ने श्रीसंघ की ओर से एवं कैलाश कोठारी ने सांगानेरवासियों की ओर से मुनिवृन्द का स्वागत-अभिनंदन किया। धर्मसभा में शांतिभवन चातुर्मास संघ के संयोजक नवरतनमल बम्ब, संगीता सुराना, अर्हम सुराना, महावीर युवक मंडल के मंत्री अनुराग नाहर-शिखा नाहर, जयप्रकाश आंचलिया, अरूणा पोखरना आदि ने भी गीतों व विचारों के माध्यम से मन की भावनाएं व्यक्त की। संचालन शांतिभवन श्रीसंघ के मंत्री राजेन्द्र सुराना ने किया। समकितमुनिजी का शांतिभवन का चातुर्मास सफल बनाने में सेवाएं देने वाले विभिन्न पदाधिकारियों का सांगानेर श्रीसंघ एवं आयोजन के लाभार्थी सुराना परिवार की ओर से स्वागत-सम्मान भी किया गया।

### समकितमुनिजी का कोटड़ी में दो दिवसीय प्रवास 17 नवंबर से

पूज्य समकितमुनिजी का 15 नवंबर का प्रवचन सांगानेर से कुछ दूर स्थित खमेसरा फार्महाउस पर सुबह 9 बजे से रहेगा। इसी तरह 16 नवम्बर को कोदूकोटा रोड पर कृषि कॉलेज के पास इलेक्ट्रिक डीलर एसोसिएशन के फार्महाउस पर प्रवचन होगा। पूज्य समकितमुनिजी म.सा. का 17 व 18 नवम्बर का प्रवास कोटड़ी में रहेगा। इस दौरान धर्मभावना से ओतप्रोत कार्यक्रमों का आयोजन होगा। विहारयात्रा के तहत समकितमुनिजी म.सा. आदि ठाणा के 20 नवंबर तक शाहपुरा पहुंचने की संभावना है।

## दिवाली स्नेह मिलन में वरिष्ठजनों व प्रतिभाओं का सम्मान

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** प्रदेश अग्रवाल महासभा राजस्थान की प्रदेश व जिला युवा इकाई के बैनर तले दीपावली स्नेह मिलन व प्रतिभा सम्मान समारोह सीकर रोड़ स्थित हंस पैराडाइज में आज आयोजित किया गया। इस मौके पर हुई अनेकों खेलकूद प्रतियोगिताओं में समाज के सभी वर्गों के लोगों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कियऔर कई पुरस्कार जीते। प्रदेशाध्यक्ष राधेश्याम अग्रवाल ने बताया कि समारोह का शुभारंभ अतिथियों ने महाराजा अग्रसेन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन व पूजा-अर्चना कर किया। अतिथियों में रीको निदेशक सीताराम अग्रवाल, राकेश गुप्ता कलैण्डर हाउस, उत्तम पोद्दार, सतीश अग्रवाल, पवन अग्रवाल सहित समाज के गणमान्य पार्षदगण व समाजसेवी रहे। इस मौके पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच वरिष्ठ अग्रबंधुओं व प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान अतिथियों ने माला, शॉल, दुपट्टा, स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र देकर किया। अतिथियों का सम्मान अध्यक्ष राधेश्याम अग्रवाल, महामंत्री मक्खनलाल काण्डा, मुख्य सलाहकार राजेन्द्र मोदी, मुख्य संस्थापक प्रकाश चन्द गुप्ता, चैयरमेन राजेन्द्र ईटोंवाला, चैयरपर्सन शशि गुप्ता, कोषाध्यक्ष नथमल बंसल, ट्रस्ट अध्यक्ष प्रहलाद अग्रवाल, प्रदेश महिला अध्यक्ष मृदुला पंसारी, सुमन गर्ग, वसुंधरा मित्तल, अल्का अग्रवाल, मंजु अग्रवाल आदि ने माला, साफा पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर किया। कार्यक्रम की व्यवस्था प्रदेश युवा अध्यक्ष उत्तम जिंदल, जिला अध्यक्ष अभिजित गोयल, संतोष अग्रवाल टिल्लू, सीए संजय गुप्ता, हिमांशु मंगल, मनोज गोयल, हितेश अग्रवाल, श्याम बिहारी गर्ग, किशन अग्रवाल सहित युवा पदाधिकारियों ने संभाली।

